# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर 60 दशमलव दो पांच प्रतिशत हुआ मतदान : सबसे अधिक सहारानपुर और सबसे कम मतदान प्रतिशत रामपुर का रहा।
2. दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने मथुरा में और कांग्रेस के राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अमरोहा में चुनावी जनसभा को किया सम्बोधित।
3. चौथे चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी : इटावा से भाजपा प्रत्याशी रमाशंकर कठेरिया और धौरहरा से बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी ने दाखिल किया अपना पर्चा।

और

4. यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित : सीतापुर के छात्रों ने मारी बाजी, हाईस्कूल में प्राची निगम और इण्टर में शुभम वर्मा प्रदेश में रहे अव्वल।

---

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर कल मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया है। इन सीटों पर 60 दशमलव दो पांच प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर में सबसे अधिक 65 दशलव नौ पांच प्रतिशत वहीं रामपुर में सबसे कम 54 दशमलव सात सात प्रतिशत वोट पड़े हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कैराना में 61 दशमलव एक सात प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59 दशमलव दो नो प्रतिशत, बिजनौर में 58 दशमलव दो एक प्रतिशत, नगीना में 59 दशमलव पांच चार प्रतिशत, मुरादाबार में 60 दशमलव छह शून्य प्रतिशत और पीलीभीत में 61 दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान हुआ।

---

प्रदेश में लोकसभा के पहले चरण का मतदान सम्पन्न होने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। इसी क्रम में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने मथुरा में भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने कहा कि उत्तर

प्रदेश की जनता अबकी बार सभी 80 सीटों पर भाजपा को विजयी बनायेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल तक राम मंदिर को लटकाकर रखा। मोदी ने 10 साल में राम मंदिर का केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी की।

श्री शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सशक्त व समृद्ध बनाया है। जनसभा में रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, प्रदेश सरकार के मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा भी मौजूद रहे।

उधर अमरोहा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव भारत का संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्जा माफ किया जायेगा। इसके साथ ही मनरेगा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा।

अखिलेश यादव ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार चुनाव में इंडी गठबंधन सबसे ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

————————

**लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसमें अमरोहा संसदीय सीट के लिए भी वोट डाले जाएंगे। इस सीट के लिये आठ निर्दलीय प्रत्याशियों सहित कुल 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। एक रिपोर्ट...**

*लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में अमरोहा लोकसभा सीट के लिये होने वाले मतदान को लेकर इस क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर को लगातार तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं पिछली बार सपा.बसपा गठबंधन के तहत बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते कुंवर दानिश अली इस बार कांग्रेस.सपा गठबंधन के अन्तर्गत कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने इस सीट पर एकदम नया चेहरा मुजाहिद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है। अमरोहा लोकसभा सीट पर 17 लाख 13 हजार एक सौ 54 मतदाता है जो 12 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 9 लाख 6 हजार सात सौ 79 पुरुष मतदाता और 8 लाख 6 हजार तीन सौ 18 महिला मतदाताओं के अलावा 57 ट्रांस जेंडर मतदाता भी शामिल हैं। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने वर्ष 2014 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार हुमैरा अख्तर को हराकर इस सीट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन साल 2019 के चुनाव में उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। उस चुनाव में बसपा.सपा गठबंधन के कुंवर दानिश अली ने जीत हासिल की थी। एक बार फिर कंवर सिंह तंवर और कुंवर दानिश अली चुनाव मैदान में आमने सामने हैं। सभी उम्मीदवार अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं के बीच जाकर उनका समर्थन जुटाने की कोशिश में लगे हैं। सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

—————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

---

प्रदेश में तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों के लिये 182 प्रत्याशियों ने नामांकन किया ह। नामांकन के अंतिम दिन कल 85 प्रत्याशियों द्वारा पर्चे भरे गये। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि संभल में 21 प्रत्याशियों ने, हाथरस में 18, आगरा में 11, फतेहपुर सीकरी में 19, फिरोजाबाद लोकसभा सीट से 12 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है वहीं मैनपुरी से 12, एटा से 14, बदायूं से 16, आंवला से 21 और बरेली लोकसभा सीट से 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण की दस लोकसभा सीटों के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा।

---

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन पत्र भरे जा रहे हैं। इसी क्रम में आज इटावा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर रामाशंकर कठेरिया और कानपुर

से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने नामांकन किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य माजूद थे। इस मौके पर श्री मौर्य ने कहा कि भाजपा गठबंधन प्रदेश में सभी सीटों पर बहुमत के साथ जीत हासिल करेगा। उधर धारहरा संसदीय सीट के लिये बसपा से श्याम किशोर अवस्थी ने अपना पर्चा दाखिल किया। चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। इस चरण में प्रदेश की 13 संसदीय सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच में 13 मई को मतदान होगा।

—————————

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉक्टर महेन्द्र देव और यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल में 89 दशमलव पांच पांच प्रतिशत विद्यार्थी तथा इण्टरमीडिएट में 82 दशमलव छह शून्य प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में सीतापुर की छात्रा प्राची निगम ने और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में सीतापुर के ही छात्र शुभम वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक चली थी। इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा

में 27 लाख 49 हजार 364 और इण्टर की परीक्षा में 24 लाख 52 हजार 830 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

————————

मैनपुरी जिले के भोगांव थाना क्षेत्र में आज सुबह एक ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर–ट्रॉली पलट गई, इस दुर्घटना में चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि चौबीस लोग घायल हो गये। कन्नौज जनपद के रहने वाले यह सभी लोग मैनपुरी के एक गांव में निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे।

उधर मुजफ्फरनगर में नई मंडी थाना क्षेत्र में जेसीबी और कार की टक्कर में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। यह तीनों मृतक झांसी जिले के रहने वाले थे।

————————

प्रदेश में राजधानी लखनऊ सहित अधिकतर जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले एक सप्ताह तक राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहेगा। दिन में तेज धूप और गर्म हवा चलने से लोगों को इससे बचने की हिदायत दी गई है। उधर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र में हल्की बूंदाबादी हो सकती है, लेकिन

लखनऊ सहित पूर्वांचल के किसी भी जिले में वर्षा की कोइ संभावना नहीं है।

---------

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी में आज सेवापुरी ब्लॉक के करधना गांव में जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

उधर अमरोहा में एक डिग्री कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत छात्राओं ने हाथों पर मेंहदी से आकर्षक ढंग से स्लोगन लिख कर मतदाता जागरूकता की अलख जगाई।

---------